THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF FOREIGN TRADE (VIDESH VYAPAR MANTRALAYA MEN UP-MANTRI) (SHRI A. C. GEORGE): (a) to (c). The total volume of trade between India and the Socialist countries has grown from Rs. 8.6 crores in 1953 to Rs. 475 crores in 1965, Rs. 497 crores in 1968 and Rs. 614 crores in 1969 as a result of trade Agreements entered into between India and the Socialist countries and the Trade Plans annually drawn up jointly by the officials of the Government of India and the Governments of the Socialist countries.

### पटना में रेल डाक सेवा के नये भवन का सुविधाजनक न होना

346. **श्री रामावतार शास्त्री** : क्या संचार मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पटना में रेल डाक सेवा के नये भवन के निर्माण के बावजूद वहां पर स्थान की कमी की शिकायतें सरकार को भेजी गई हैं ; और यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है ;

(ख) क्या उक्त भवन में डाक विभाग के कर्मचारियों के लिये आराम गृह (रेस्ट हाउस) आदि की कोई व्यवस्था नहीं है ;

(ग) क्या वहां पर फर्नीचर की भी कमी है और रेल डाक सेवा यूनियन द्वारा इस संबंध में भी शिकायत की है और यदि हां, तो शिकायतों को दूर करने के लिये सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गई अथवा की जानी है ;

(घ) क्या रेल डाक सेवा भवन के सामने शेड की कोई व्यवस्था नहीं की गई है ; और

(ङ) यदि हां, तो क्या सरकार का वहां पर शेड बनवाने का विचार है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

**संचार मन्त्री (श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा)** : (क) जी हां, अखिल भारतीय रेल-डाक सेवा कर्मचारी यूनियन श्रेणी-III से ऐसी एक शिकायत प्राप्त हुई थी और उसकी जांच की जा चुकी है। फिर भी, ऐसा लगता है कि नई इमारत में फिलहाल स्थान की कोई कमी नहीं है।

(ख) जी नहीं।

(ग) जी नहीं।

(घ) जी नहीं।

(ङ) शेड की व्यवस्था करने का प्रश्न रेलवे से उठाया गया है।

### जमनाखाल डाकघर (गढ़वाल) में लिफाफों/पोस्टकार्डों आदि की कमी

347. **श्री प्रताप सिंह नेगी** : क्या संचार मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश के पौड़ी गढ़वाल जिले के जमनाखाल डाकघर में लिफाफों, अन्तर्देशीय पत्रों, पोस्टकार्डों आदि की प्रायः कमी रहती है ;

(ख) क्या उक्त डाकघर के लेखे की जांच करने के पश्चात् वहां के आय तथा व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत करने का सरकार का विचार है ; और

(ग) यदि हां, तो कब तक और यदि नहीं, तो उसके क्या कारण हैं ?

**संचार मन्त्री (श्री हेमवती नन्दन बहुगुणा)** : (क) सरकार या डाक-तार बोर्ड को ऐसी कोई जानकारी नहीं है कि गत 6 महीनों में एक या दो अवसरों को छोड़कर जमनाखाल डाकघर में लिफाफों, अन्तर्देशीय पत्रों पोस्टकार्डों आदि की कोई सामान्य कमी रही हो।

(ख) तथा (ग). ब्यौरे का पता लगाया जा रहा है और लखनऊ के पोस्टमास्टर जनरल से प्राप्त होते ही इसे लोक सभा पटल पर रख दिया जाएगा।

### पौड़ी गढ़वाल (उत्तर प्रदेश) के देलचौंरी डाकघर में टेलीफोन की व्यवस्था

348. **श्री प्रताप सिंह नेगी** : क्या संचार मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश में पौड़ी गढ़वाल के देलचौंरी डाकघर में टेलीफोन की व्यवस्था कर दी गई है ;

(ख) यदि हां, तो सरकार का देलचौरी से जमनाखाल डाकघर तक टेलीफोन व्यवस्था का प्रसार करने का विचार है ; और

(ग) यदि उपर्युक्त (ख) भाग का उत्तर हां है, तो कब तक और यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं ?

**संचार मंत्री (श्री हेमवती नंदन बहुगुणा)** : (क) जी हां ।

(ख) तथा (ग). देलचौरी से जमलाखाल डाकघर तक टेलीफोन व्यवस्था का विस्तार करने का कोई प्रस्ताव इस समय विभाग के विचाराधीन नहीं है । इसकी कोई मांग भी नही की गई है । फिर भी अब इस प्रस्ताव की जांच की जाएगी और इस विषय पर विभाग की मौजूदा नीति के अनुसार कार्रवाई की जाएगी ।

**Anti-National Activities of Naxalites**

349. SHRI R. S. PANDEY : Will the Minister of HOME AFFAIRS (GRIH MANTRI) be pleased to state :

(a) whether Government are aware that the Naxalites are still carrying on their anti-national and destructive activities in different parts of the country ;

(b) if so, what is the Government's assessment of the effectiveness of the steps taken so far to curb such activities of the Naxalites ; and

(c) the steps that are being taken by Government to deal with their activities in future ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HOME AFFAIRS (GRIH MANTRALAYA MEN RAJYA MANTRI) (SHRI K. C. PANT) : (a) and (b). The States and Union Territories mainly affected by the activities of the Naxalites and allied extremist groups are West Bengal, Bihar, Andhra Pradesh, Punjab, Kerala, Assam, Orissa, Uttar Pradesh and Tripura. Such activities have been kept under control in Andhra Pradesh, Assam, Kerala, Uttar Pradesh, Punjab, Orissa and Tripura. In West Bengal and Bihar, however, the situation continues to cause concern.

(c) The Central Government has been maintaining close touch with the State Governments/Union Territories Administrations who are taking firm action under the law to counter the activities of the Naxalites and allied extremist groups. Central Government are also providing to the State Governments wherever necessary all reasonable assistance including additional armed police reinforcements, wireless and other equipment and pooling of intelligence.

**A.I.R. Artistes' Demands**

350. SHRI R. S. PANDEY : Will the Minister of INFORMATION AND BROADCASTING (SOOCHANA AUR PRASARAN MANTRI) be pleased to state :

(a) whether artistes of the All India Radio have made certain demands for better working conditions and emoluments ;

(b) if so, the details thereof ; and

(c) whether Government have considered those demands and taken any decision in the matter ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING (SOOCHANA AUR PRASARAN MANTRALAYA MEN UP-MANTRI) (SHRI DHARAM BIR SINHA) : (a) Yes, Sir.

(b) The demands relate to matters like security of service, revision of fee scales, promotional avenues, family pension and other retirement benefits, amenities for Staff Artistes at Stations, etc.

(c) These are under consideration and decisions with regard to some of them are expected to be taken shortly.

**पशुचर्म का निर्यात**

351. **श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या विदेश व्यापार मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वित्त वर्ष 1968-69 से 1970-71 तक कुल कितनी मात्रा में गाय तथा बछड़े के चमड़े का निर्यात किया गया तथा इससे सरकार को कितनी विदेशी मुद्रा की आय हुई ; और

(ख) वित्त वर्ष 1971-72 के दौरान